आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.08.2026   समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराने की अपील की।
- द्वीप समूह के भाजपा प्रदेश प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी और प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने हर घर तिरंगा रैली का किया शुभारंभ।
- स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की बड़ी उपलब्धि, गैर–जीवाश्म बिजली क्षमता 300 गीगावाट के पार और सौर ऊर्जा की क्षमता एक सौ पैंसठ गीगावाट पहुंची।
- कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में अंडमान और निकोबार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, तीन पदक किए अपने नाम।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के सामूहिक संकल्प को दोहराने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तिरंगा देश के गौरव का प्रतीक और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान 'वंदे मातरम' को समर्पित है। इस वर्ष 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, अभियान के तहत देशभर में तिरंगा यात्राएं, रैलियां और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया जाएगा। इस वर्ष समारोह का प्रमुख आकर्षण 'सूर्यपथ तिरंगा' होगा, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में रह रहे भारतवासियों को तिरंगे के वैश्विक उत्सव से जोड़ना है। मंत्रालय ने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड करने की अपील की है।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत वीर सावरकर पार्क से देशभक्ति गीतों के साथ हुई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी और प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने रैली का शुभारंभ किया। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट डेविड बेकहम भी रैली में उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। रैली वीर सावरकर पार्क से शुरू होकर सेलुलर जेल होते हुए गांधी प्रतिमा तक पहुंची। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया जा रहा है। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित हर घर तिरंगा अभियान में लोगों से बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई और वीर सावरकर के योगदान को याद किया गया। प्रदेश प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी ने युवाओं से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। रैली के समापन पर लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने–अपने घरों में तिरंगा फहराने और राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने की अपील की गई।

<><><><><><><>

लोकसभा में आज हंगामे के बीच ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक–2026 समेत कई विधेयक पेश किए गए। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक पेश किया। विपक्षी सदस्यों ने छात्रों के नीट प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग की। हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

<><><><><><><>

भारत ने गैर–जीवाश्म ईंधन से बिजली बनाने की क्षमता में 300 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि पिछले महीने की इक्कतीस तारीख को हासिल हुई। इसके साथ ही

भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य का 60 प्रतिशत से अधिक पूरा कर लिया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में गैर–जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी अब चौवन प्रतिशत से अधिक हो गई है। सौर ऊर्जा इस वृद्धि में सबसे आगे है। देश में सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता बढ़कर करीब एक सौ पैंसठ गीगावाट हो गई है, जो वर्ष 2014 में केवल 3 गीगावाट के आसपास थी। मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2025–26 में गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में रिकॉर्ड पचपन गीगावाट से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इसमें सौर और पवन ऊर्जा का प्रमुख योगदान रहा। मंत्रालय ने कहा है कि स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह प्रगति देश की ऊर्जा जरूरतें पूरी करने, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**<><><><><><><>**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित 27वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में अंडमान निकोबार द्वीप समूह की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। लड़कियों की युगल स्पर्धा में कैरलिन और सुनिधि ने रजत पदक जीता। सब–जूनियर युगल स्पर्धा में ज़िया विक्टर और पी. अनु ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, सब–जूनियर लड़कियों की चार सदस्यीय स्पर्धा में सानवी पांडे, अनीता बाई, नाउ सुजुन और लेनिटी ने कांस्य पदक जीता।

**<><><><><><><>**

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जूनियर लैब असिस्टेंट, फील्ड असिस्टेंट और कंप्यूटर सहायक के पदों पर भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट और सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। चयनित उम्मीदवारों के लिए ट्रेड परीक्षा तेरह अगस्त और कौशल परीक्षा 14 अगस्त को डॉ.बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों से परीक्षा की तारीख और अन्य आवश्यक जानकारी के लिए सूची देखने की अपील की गई है।

**<><><><><><><>**

आज केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि–मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समाज कल्याण और शिक्षा निदेशालय के सहयोग से श्री विजयपुरम के राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्धारजू मुख्य अतिथि और विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह सम्मानित अतिथि रहीं। इस दौरान एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा दी गई। डॉ. सिद्धारजू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल 12 अगस्त को ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। तटरक्षक बल ने नागरिकों से अपील की है कि अभ्यास के दौरान फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रहें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><><>

जयपुर में 6 से 9 अगस्त तक आयोजित 42वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की तैराकी टीम ने हिस्सा लिया। द्वीप समूह की ओर से के.वी. टू के श्रीकृष्णा साहू, मिनी बे के भावेश सिंह रावत और आर्मी पब्लिक स्कूल, ब्रिचगंज के सक्षम सिंह ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया। इन युवा तैराकों की भागीदारी से द्वीप समूह के अन्य बच्चों को भी राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी में आगे बढ़ने और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की प्रेरणा मिलेगी।

<><><><><><><>